# IBPS SO राजभाषा अधिकारी मेंस परीक्षा 2020 के लिए प्रैक्टिस सेट

**निर्देश(1-5)** नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश का विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि इसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्राहलयों में कुछ- न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जायेगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है। इसीलिए निशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही है। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनायी गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसान दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व विनाश का भय कार्य कर रहा है।

Q1. इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?

(a) आतंक और सर्वनाश का भय

(b) विश्व और शस्त्रास्त्रों की होड़

(c) निशस्त्रीकरण और विश्व शान्ति

(d) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका

(e) इनमें से कोई नहीं

Q2. गद्यांश के अनुसार, भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी?

(a) अमेरिका ने

(b) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने

(c) आधुनिकता ने

(d) अमेरिका की विजय ने

(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. गद्यांश के अनुसार, एटम-बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?

(a) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से

(b) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से

(c) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से

(d) अमेरिका की विजय से

(e) इनमें से कोई नहीं

Q4. गद्यांश के अनुसार, बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं?

(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से

(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से

(c) पारस्परिक भय के कारण

(d) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से

(e) इनमें से कोई नहीं

Q5. गद्यांश के अनुसार, आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि-

(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं

(b) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती है

(c) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है

(d) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (06-10) नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी  रहित है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटीरहित' दीजिए।

Q6. भारत में बड़े अमीरों की (A)/ संपत्ति बढ़ने की रफ़्तार में कमी आई है,(B)/ यह सुन कर गरीबों को (C)/ थोड़ी देर के लिए सुकून मिल सकता है। (D)/ त्रुटिरहित (E)

(a) E

(b) C

(c) D

(d) B

(e) A

Q7. प्रेम समर्पण की पूर्ण चाह (A)/ रखता है और बिना पूर्ण समर्पण (B)/ और निष्ठा के प्रेम की (C)/सफलता संदेहास्पद होती है।(D)/ त्रुटिरहित (E)

(a) D

(b) C

(c) E

(d) B

(e) A

Q8. प्लास्टिक बंद करने से पहले जरूरी है कि (A)/ इस उद्योग में छोटे से बड़े स्तर तक जितने भी (B)/ मजदूर, उद्योगपति, व्यवसायी, नौकरीपेशा, दुकानदार (C)/ और अन्य लोग जुड़े हुए हैं, उनकी साथ विस्तार से बातचीत हो। (D)/ त्रुटिरहित (E)

(a) E

(b) D

(c) B

(d) A

(e) C

Q9. हमारे गांवों में अक्सर देखा जाता था कि (A)/ एक समाज के लोग जमीन दान कर दूसरे समाज के लोगों कों (B)/ गाँव में लेकर आते थे भले ही यह प्रक्रिया वर्ण-व्यवस्था से प्रेरित था (C)/ लेकिन यह सामाजिक सद्भाव और विविधता को बढ़ाने वाली थी। (D)/ त्रुटिरहित (E)

(a) E

(b) D

(c) B

(d) C

(e) A

Q10. धान की फसल काटने के बाद खेतों में (A)/ बचने वाली पराली को संभालने के (B)/ संसाधन व मशीनरी महंगी होने के कारण (C) किसान पराली जलाने को मजबूर हो चुका हैं।(D)/ त्रुटिरहित (E)

(a) E

(b) D

(c) B

(d) C

(e) A

Directions (11-20) निम्नलिखित प्रश्न राजभाषा हिंदी एवं उसकी संवैधानिक स्थिति से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

Q11. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ के शासकीय प्रयोजन के लिए भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रयोग में लाया जाएगा?

(a) अनुच्छेद 343

(b) अनुच्छेद 344

(c) अनुच्छेद 345

(d) अनुच्छेद 346

(e) इनमें से कोई नहीं

Q12. राजभाषा हिंदी के प्रयोग की दृष्टि से 'ख' क्षेत्र में कौन सा राज्य आता है?

(a) महाराष्ट्र

(b) कर्नाटक

(c) मध्यप्रदेश

(d) तमिलनाडु

(e) इनमें से कोई नहीं

Q13. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य, राजभाषा हिंदी के संदर्भ में 'ख' क्षेत्र में नहीं आता है?

(a) महाराष्ट्र

(b) गुजरात

(c) झारखंड

(d) पंजाब

(e) इनमें से कोई नहीं

Q14. राजभाषा नीति की जानकारी देने वाले अनुच्छेद संविधान के किस भाग में हैं?

(a) भाग-15

(b) भाग-16

(c) भाग-17

(d) भाग-18

(e) इनमें से कोई नहीं

Q15. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है?
(a) सिन्धी

(b) कश्मीरी

(c) बोडो

(d) नेपाली

(e) इनमें से कोई नहीं

Q16. भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार, भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है?

(a) अनुच्छेद 341

(b) अनुच्छेद-343

(c) अनुच्छेद 345

(d) अनुच्छेद 347

(e) इनमें से कोई नहीं

Q17. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में अभी तक कुल कितनी भाषाएँ सम्मिलित हैं?

(a) 18 भाषाएँ

(b) 20 भाषाएँ

(c) 22 भाषाएँ

(d) 23 भाषाएँ

(e) इनमें से कोई नहीं

Q18. अनुच्छेद-344 के अनुसरण में राजभाषा आयोग की नियुक्ति कब हुई?

(a) वर्ष 1952 में

(b) वर्ष 1955 में

(c) वर्ष 1960 में

(d) वर्ष 1963 में

(e) इनमें से कोई नहीं

Q19. राजभाषा हिंदी की दृष्टि से भारत को कितने क्षेत्रों में बांटा गया है?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

(e) इनमें से कोई नहीं

Q20. प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 10 सितम्बर

(b) 12 सितम्बर

(c) 14 सितम्बर

(d) 16 सितम्बर

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (21-25): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो रिक्त स्थान छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। इनमें से कोई दो उन रिक्त स्थानों पर रख देने से वह वाक्य एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाता है। सही शब्द ज्ञात कर उसके विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित कीजिए, दिए गए शब्दों में से सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों का चयन कीजिए।

Q21. समानता एवं गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार वास्तव में व्यक्ति का _______ अधिकार है जिसे लोकतांत्रिक शासन पद्धति में मूल अधिकार के रूप में ________ किया गया है।

(a) नैसिर्गक, परिभाषित

(b) कृत्रिम, एकत्रित

(c) विरल, व्यवस्थित

(d) उचित, प्रभावित

(e) इनमें से कोई नहीं

Q22. वैश्विक जलवायु में परिवर्तन और _______ में वृद्धि के कारण ही वर्षा के समय में भी _______ हुआ है।

(a) स्थिति, विलम्ब

(b) भूगोल, प्रभाव

(c) वायुमंडल, वृद्धि

(d) तापमान, परिवर्तन

(e) इनमें से कोई नहीं

Q23.हमारे देश की _______ परंपरा में तो राजा-रंक सभी अपनी शिक्षा-दीक्षा के समय आश्रम की साफ़-सफाई करना, पानी लाना, जंगल से लकड़ी लाना या अन्य काम करते थे क्योंकि यह शिक्षा भी _________ है।

(a) श्रुति, सदुपयोग

(b) गुरुकुल, जीवनोपयोगी

(c) सामाजिक, दुरुपयोग

(d) सांस्कृतिक, अनुचित

(e) इनमें से कोई नहीं

Q24. भारतीय ________ में कृषि का इतना महत्त्व होने के बावजूद यह आज भी __________ कृषकों के लिये जीवन-निर्वाह का सक्षम स्रोत नहीं है।

(a) देश, अल्पसंख्यक

(b) संरचना, उत्कृष्ट

(c) परिप्रेक्ष्य, बहुसंख्यक

(d) कल्पना, प्रायोजित

(e) इनमें से कोई नहीं

Q25.परिवार समाज की _________ होता है, क्योंकि यह सामजिक संगठन की __________ इकाई है।

(a) चेतना, प्राचीन

(b) व्यवस्था, आधुनिक

(c) जागरूकता, यथार्थ

(d) नींव, आधारभूत

(e) इनमें से कोई नहीं

Direction (26-29) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक **हिंदी** का वाक्य दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस हिंदी वाक्य के चार अंग्रेजी अनुवाद दिए हैं जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में चयनित करना है अगर कोई भी अनुवाद सही नहीं है, तो उत्तर के रूप में (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' का चयन करें।

Q26. संस्थान में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रस्तावित क्रियाकलापों पर विचार-विमर्श हेतु एक बैठक आयोजित हुई।

(a) A meeting was arranged in the institute under the chairman secretary to descuss the planned activities.

(b) A meeting was organized in the institute by the Principal secretary to discuss the proposed activities.

(c) A meeting under the chairmanship of Principal secretary was organized in the institute to discuss the proposed activities.

(d) A meeting under the chairmanship of Head secretary was organized in the institute to discuss the planned activities.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q27. संसद विधायिका की शीर्षस्थ संस्था है।

(a) The parliament is the apex institution of the legislature.

(b) The parliament have the zenith institution of the legislature.

(c) The parliament is the nadir institution for the legislature.

(d) The parliament has the apex institutions of the legislature.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q28. आज के विश्व परिदृश्य के बदलते सन्दर्भों में भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करना है।

(a) In the changed world scenario today India had to be play a very crucial role.

(b) In the changed world Myriad today India have to play a very crucial role.

(c) In the changed world consensus today India has been to play a very crucial role

(d) In the changed world scenario today India has to play a very crucial role.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q29. नर्सरी कक्षा के लिए सफल अभ्यार्थियों की अनंतिम सूची सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है।

(a) The provisional list of successful candidates for nursery class is displayed on notice board.

(b) The final list of successful applicants for nursery class is pasted on notice board.

(c) The provisional list for succeeded candidates for nursery class is displayed on notice board.

(d) The list of provisionally qualified applicants for nursery class is available on notice board.

(d) None of these

Directions (30-33). नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक **अंग्रेजी** का वाक्य या वाक्य खण्ड दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस अंग्रेजी वाक्य के चार हिंदी अनुवाद दिए हैं जिनमें से केवल एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में चयनित करना है अगर कोई भी अनुवाद सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' का चयन करें।

Q30. Unemployment problem will have to be solved at the earliest possible.

(a) बेरोजगारी की समस्या का शीघ्र-से-शीघ्र हल निकालना चाहिए।

(b) बेरोजगारी की समस्या का संशोधन जल्दी निकालना होगा।

(c) बेरोजगारी की व्यथा का शीघ्र-से-शीघ्र चिंतन करना होगा।

(d) बेरोजगारी की समस्या का शीघ्र-से-शीघ्र हल निकालना होगा।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q31. The nervous disorders may be in the form of cerebral disorders characterized by seizures, decrease in intellectual functioning, confusion, etc.

(a) स्नायविक गड़बड़ियाँ प्रमस्तिष्कीय गड़बड़ी के रूप में हो सकती हैं, जिसकी विशेषता दौरा पड़ना, मानसिक प्रक्रियाओं में कमी, भ्रम इत्यादि हैं।

(b) चिंतनीय गड़बड़ियाँ प्रमस्तिष्कीय गड़बड़ी के रूप में हो सकती हैं, जिसकी विशेषता दौरा पड़ना, मानसिक प्रक्रियाओं में कमी, भ्रम इत्यादि हैं।

(c) आंतरिक गड़बड़ियाँ प्रमस्तिष्कीय गड़बड़ी के रूप में हो सकती हैं, जिसकी विशेषता आधात पड़ना, मानसिक प्रक्रियाओं में कमी, भ्रम इत्यादि हैं।

(d) स्नायविक गड़बड़ियाँ मस्तिष्कीय गड़बड़ी के रूप में हो सकती हैं, जिसकी विशेषता बीमार पड़ना, मानसिक प्रक्रियाओं में कमी, भ्रम इत्यादि हैं।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q32. Considering the health of people, Government has planned to open dispensaries and hospitals in villages.

(a) लोगों के लिए सरकार ने गाँवों में औषधालय एवं अस्पताल खोलने की योजना बनाई है।

(b) सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गाँवों में औषधालय एवं अस्पताल खोले हैं।

(c) सरकार द्वारा लोगों को स्वस्थ्य बनाने के लिए औषधालय एवं अस्पताल खोले गये हैं।

(d) सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गांवों में औषधालय एवं अस्पताल खोलने की योजना बनायी है।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q33. The Centre for Cultural Resources and Training was set up in May 1979 as an autonomous organization by the Government of india.

(a) सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना अप्रैल 1979 में भारत सरकार ने एक स्वायत्तशाली संस्था के रूप में की थी।

(b) सांस्कृतिक स्रोत और संसाधन केंद्र की स्थापना मई 1979 में भारत सरकार ने एक स्वायत्तशाली संस्था के रूप में की है।

(c) सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना मई 1979 में भारत सरकार ने एक स्वायत्तशाली संस्था के रूप में की थी।

(d) सांस्कृतिक स्रोत और अधिकरण केंद्र की स्थापना मई 1979 में भारत सरकार ने एक परतंत्र संस्था के रूप में की थी।

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions(34-36) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक हिंदी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से अंग्रेजी शब्द का पर्याय है।

Q34. 'Mobilization'

(a) एकत्रीकरण

(b) निगरानी

(c) एकाधिकार

(d) पारस्परिक

(e) इनमें से कोई नहीं

Q35. 'Turbulence'

(a) संक्षिप्त

(b) अस्थायी

(c) अशांति

(d) उदास

(e) इनमें से कोई नहीं

Q36. 'Equanimity'

(a) सरगर्मी

(b) पहचान

(c) ग्लानि

(d) धैर्य

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (37-38). निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक अंग्रेजी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से हिंदी शब्द का पर्याय है।

Q37. 'शानदार'

(a) Evasive

(b) Fragrance

(c) Fabulous

(d) Equitable

(e) इनमें से कोई नहीं

Q38. 'बर्बर'

(a) Despondent

(b) Derision

(c) Barbarous

(d) Cacophony

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश(39 -45)** नीचे दिए गए गद्यांश में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको उस विकल्प का चयन करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।

धरती की सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा जल से **_(39)_** है। यह पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के सभी रूपों के लिए महत्वपूर्ण है। यह जमीन के नीचे, महासागरों, बड़े जल निकायों एवं छोटे **_(40)_** में पाया जाता है। जल अन्य भी कई रूपों जैसे कि वाष्प, बादलों, सतहीय जल, हिमनद, ध्रुवीय बर्फ के आच्छादनों इत्यादि में उपलब्ध है। इस धरती पर जल का जीवन चक्र लगातार वाष्पीकरण, अवक्षेपण, वर्षा, बहाव, आदि के माध्यम से चलता है। इसके अलावा हमारे देश के कई हिस्सों में स्वच्छ पीने योग्य जल का अभाव है। जल की कमी का मतलब वास्तव में सुरक्षित जल की **_(41)_** है। जल की कमी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए धीरे-धीरे जल की गुणवत्ता का **_(42)_** मुश्किल होता जा रहा है। कुछ इलाकों में जल की कमी एक दैनिक समस्या है। जल की कमी की वजह से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जल की कमी वाले क्षेत्रों में, जल की उपलब्धता का प्रबंधन काफी लागत, समय एवं प्रयासों के द्वारा करना पड़ता है। जिन लोगों के पास जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है वे जल का महत्व नहीं समझते और वे रोज कई अनावश्यक गतिविधियों में बड़ी मात्रा में जल की बर्बादी करते है। स्वच्छ जल की उपलब्धता का विषय जल सुरक्षा तथा सस्ती कीमत पर लोगों तक इसके पहुंच पर सवाल उठाता है। **_(43)_** में बहुत बड़े पैमाने पर जलवायु में बदलाव की वजह से भूजल की गहराई बढ़ती जा रही है। बेमौसम के सूखे एवं प्राकृतिक आपदाओं की वजह से कई स्थानों पर स्वच्छ जल की असुरक्षा में वृद्धि हुई है। आने वाले दशकों में जनसंख्या वृद्धि, नकारात्मक जलवायु परिवर्तन इत्यादि की वजह से खेती एवं उद्योगों की आवश्यकताएं बढ़ेंगी और इस वजह से स्वच्छ जल के आपूर्ति की मांग बढ़ेगी। यह समय एकजुट होकर जल संरक्षण की दिशा में जितना हो सके प्रभावी कदम

उठाने का समय है। अलग-अलग तरीकों से हम दैनिक रूप से भारी मात्रा में जल की बचत कर सकते हैं। जल की बचत एवं उसे गंदा होने से बचाना वर्तमान एवं भविष्य की मांग की आपूर्ति के लिए **_(44)_** आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन जल की कमी का एक अन्य पहलू है। भविष्य में जल की मांग और बढ़ेगी और इस वजह से हमें इसे बचाना होगा ताकि भावी पीढ़ियों के लिए भी जल उपलब्ध हो सके। अगर हम इस दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठाएंगे तो स्थिति बद से बदतर होती चली जाएगी और यह इस स्तर पर पहुंच जाएगी कि **_(45)_** तंत्र में ताजे जल की कमी इसके प्राकृतिक प्रतिस्थापन दर से कहीं ज्यादा हो जाएगी। मानव के लिए जल की जरूरत को कम करके ताजे जल के उत्पत्तिस्थानों, स्थानीय वन्यजीवों एवं प्रवासी पक्षियों को भी बचाया जा सकता है।

Q39. (a) परिष्कृत (b) प्रभावित (c) आच्छादित
(d) संतृप्त (e) इनमें से कोई नहीं

Q40. (a) जलाशयों (b) समुद्रों (c) कुओं
(d) प्रसाधनों (e) इनमें से कोई नहीं

Q41. (a) उपलब्धता (b) अनुकूलता (c) प्रतिकूलता
(d) इनमें से कोई नहीं (e) अनुपलब्धता

Q42. (a) आंकलन (b) निर्धारण (c) एकत्रण
(d) प्रबंधन (e) इनमें से कोई नहीं

Q43. (a) धरातल (b) वातावरण (c) भूमि
(d) आकाश (e) इनमें से कोई नहीं

Q44. (a) अल्प (b) नितांत (c) लघु
(d) दीर्घ (e) इनमें से कोई नहीं

Q45. (a) राजनीतिक (b) भौगोलिक (c) पारिस्थितिकी
(d) धार्मिक (e) इनमें से कोई नहीं